भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2494

उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

पीएमईविद्या डीटीएच चैनल

†2494. **श्री कृपानाथ मल्लाह:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पीएमईविद्या डीटीएच चैनल द्वारा प्रसारित सामग्री का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार पीएमईविद्या डीटीएच चैनल को दूसरे डिजिटल शिक्षा पहलों, जैसे दिक्षा प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) श्रवण बाधित छात्रों के लिए शिक्षा तक पहुंच के मामले में अपेक्षित नतीजों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग) दिनांक 29.07.2020 को घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है और इसका उद्देश्य हमारे देश की कई उभरती विकास से जुड़ी अनिवार्यताओं का समाधान करना है। इस नीति में भारत की परंपराओं और मूल्य प्रणालियों का निर्माण करते हुए एसडीजी-4 सहित 21वीं सदी की शिक्षा के आकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप एक नई प्रणाली सृजित करने हेतु इसके विनियमन और शासन सहित शिक्षा प्रणाली के सभी पहलुओं में संशोधन और सुधार का प्रस्ताव है। शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का भाग है और अधिकांश सरकारी स्कूल राज्य सरकार और उसके निकायों के प्रशासन के अंतर्गत हैं।

पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल दिनांक 17 मई, 2020 को 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के भाग के रूप में शुरू की गई थी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तत्वावधान में देशभर में शिक्षा के लिए मल्टी-मोड पहुँच को सक्षम बनाने हेतु डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) मातृभाषा/स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाओं में अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इन पहलों की प्रभाविता का उपयोग, निगरानी और मूल्यांकन करने हेतु एनसीईआरटी का सहयोग करते हैं। पीएम ई-विद्या में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्वायत्त निकायों (एबी)/अन्य मंत्रालयों जैसे भारत सरकार में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय को आवंटित 200 डीटीएच टीवी चैनल और कक्षा 1-12 के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में अपनी आवश्यकता के अनुसार पूरक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए 400 रेडियो चैनल शामिल हैं।

पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित सामग्री में मुख्य रूप से, जो प्रायः एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों और राज्य बोर्डों एवं स्वायत्त निकायों जैसे

एनआईओएस/सीबीएसई/केवीएस/एनवीएस/ अन्य, जैसा भी मामला हो, की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पाठ्यक्रम से जुड़े, कक्षा और विषय-विशिष्ट शैक्षिक वीडियो शामिल हैं। इसके अलावा, सह-पाठयक्रम/पाठ्येतर मूल्य वाले अन्य कार्यक्रमों को भी फिलर के रूप में प्रसारित किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रमों में संगीत और नृत्य सहित योग, खेल, सामान्य ज्ञान/सामान्य जागरूकता, आपदा प्रबंधन, नैतिक मूल्यों/कहानियों, कला और शिल्प, सांस्कृतिक विरासत आदि से जुड़े वीडियो शामिल हैं।

स्कूल शिक्षा हेतु डीटीएच - टीवी चैनलों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), शैक्षिक टेलीविजन के लिए आकर्षक ई-सामग्री के विकास के लिए दिशानिर्देश, निगरानी रिपोर्ट और पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों के प्रसारण संबंधी कार्यक्रम से जुड़े अन्य विवरण https://ciet.ncert.gov.in/dth पर देखे जा सकते हैं।

ज्ञान साझाकरण हेतु डिजिटल अवसंरचना (दीक्षा) सभी कक्षाओं के लिए क्यूआर सक्रिय पाठ्यपुस्तकों (ईटीबी) के साथ-साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूल शिक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री प्रदान करने हेतु देश का एक राष्ट्र, एक डिजिटल मंच है। दीक्षा में एक प्रतिभागी के रूप में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/एबी ने बहुभाषिकता को सक्षम बनाते हुए मातृ भाषा/स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाओं में 3.7 लाख से अधिक सामग्री तैयार करने में योगदान दिया है। कुल मिलाकर, छात्रों, शिक्षकों और अन्य हितधारकों द्वारा दीक्षा पर 565.28 करोड़ शिक्षण सत्र पूरे किए गए हैं। दीक्षा सीमित या बिना इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों को ऑफलाइन तरीके से सहयोग करता है। हितधारकों के पास दीक्षा पर हिंदी और अंग्रेजी में 450 से अधिक आभासी प्रयोगशाला और 100 आभासी कौशल प्रयोगशाला तक पहुंच है।

माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा दिनांक 06 दिसंबर 2024 को एक समर्पित भारतीय सांकेतिक भाषा- आईएसएल चैनल (संख्या 31) शुरू किया गया है, जो विभिन्न कक्षाओं और विषयों में आईएसएल और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की शिक्षा को शामिल करके बड़ी संख्या में आईएसएल वीडियो प्रसारित करता है। आईएसएल में वीडियो, वैश्विक अधिगम डिजाइन (यूडीएल) के सिद्धांतों का अनुसरण करते हैं और ई-सामग्री की सुसंगत पहुंच सुनिश्चित करने हेतु दीक्षा पोर्टल और ऐप के माध्यम से तथा पीएम ई विद्या (वन क्लास, वन चैनल) डीटीएच चैनल, पीएम ई-विद्या डीटीएच आईएसएल चैनल 31 और यूट्यूब चैनलों के माध्यम से भी सतत प्रसारण किए जा रहे हैं। इन वीडियो में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक, मनोविज्ञान, इतिहास, भूगोल, उर्दू, अर्थशास्त्र में शब्दकोश से जुड़े शब्द; शैक्षणिक शर्तें; अचीवर सीरीज़; एनबीटी परीक्षा योद्धा (पीपीसी); भाषा संगम; कविताएं; कहानियां; विश्वकोश; और राष्ट्रगान शामिल हैं। आईएसएल से जुड़े पाठ्यपुस्तकों को दीक्षा के पोर्टल लिंक www.diksha.gov.in से कक्षावार और विषयवार देखा जा सकता है। पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनलों के तहत श्रवण-बाधित छात्रों के लिए अपेक्षित परिणाम आईएसएल-सक्षम, बाधा-मुक्त और पाठ्यक्रम-संरेखित सामग्री, समझ में सुधार, अधिगम निरंतरता और मुख्यधारा की शिक्षा में समावेशी भागीदारी को मजबूत बनाते हुए एनसीईआरटी की सामग्री तक स्वतंत्र, स्व-गति पहुंच को सक्षम बनाकर शिक्षा तक संवर्धित पहुँच शामिल है।

******